सत्यमेव जयते

# बिहार विधान परिषद्

## वां सत्र 191

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग –1

**माघ 29, 1940 (श0)**

**सोमवार, तिथि -----------------------------------------**

**फरवरी 18, 2019 ई0**

**प्रश्नों की कुल संख्या –37**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कृषि विभाग | --- | --- | 06 |
| 2. | ग्रामीण कार्य विभाग | --- | --- | 19 |
| 3. | पथ निर्माण विभाग | --- | --- | 07 |
| 4. | संसाधन विभागपशु एवं मत्स्य | --- | --- | 01 |
| 5. | पंचायती राज विभाग | --- | --- | 01 |
| 6. | ग्रामीण विकास विभाग | --- | ---- | 02 |
| 7. | भवन निर्माण विभाग | --- | ---- | 01 |
| | | | | ----------- |
| | | **कुल योग -** | | 37 |

# सड़क का जीर्णोद्धार

45.प्रो0 नवल किशोर यादव: क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सात जिलों यथा मुंगेर, बेतिया मधेपुरा,छपरा,पूर्णिया,भोजपुर व मधुबनी की लगभग 52 किलोमीटर सड़क का जीर्णोद्धार 91 करोड़ 52 लाख की लागत से होना है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजनाओं के लिए पथ निर्माण विभाग द्वारा राशि भी मंजूर हो गई है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कितने दिनों के अंदर इन जिलों में सड़क जीर्णोद्धार का कार्य कराएगी?

--------------------------

# कार्रवाई नहीं

46.श्री सतीश कुमार : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के मंगलापुर से राजापुर तक जाने वाली दस किलोमीटर लम्बी सड़क निर्माण का कार्य एवरेस्ट कंपनी को मिला था परंतु इनके द्वारा नहीं कराकर स्थानीय ठेकेदारों से पेटी कॉन्ट्रेक्ट को दे दिया गया ;

(ख) क्या यह सही है कि पेटी कॉन्ट्रेक्ट के ठीकेदारों द्वारा गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण नहीं कराया गया जिसके कारण पांच वर्षों तक मेंटनेंस नहीं हो सका जिससे विभाग द्वारा मेंटनेंस की राशि का भुगतान नहीं किया गया;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क निर्माण के संवेदक एवरेस्ट कंपनी द्वारा स्वयं निर्माण नहीं कराने से करीब 8-9 पंचायत

तथा संग्रामपुर-अरेराज-कोटवा-मोतिहारी तथा पश्चिमी चम्पारण बेतिया को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क के बिना निर्माण कार्यों की निकासी पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

-----------------------------

## सड़क की मरम्मती

47. श्री दिलीप राय : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर-शिवहर पथ में तरवारा से शिवहर तक की सड़क की स्थिति जर्जर एवं दयनीय रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों हो रही है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मुजफ्फरपुर – शिवहर पथ में तरवारा से शिवहर तक की सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है,यदि हां तो कब तक?

-----------------------

## निर्धारित अवधि

48. श्री रामचन्द्र भारती: क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि बिहार के हाजीपुर से छपरा तक फोरलेन निर्माण का कार्य लगभग-6-7 वर्षों से चल रहा है;

(ख) यह सही है इस फोरलेन का 50 प्रतिशत कार्य भी अभीतक पूरा नहीं हो पाया है जबकि इस योजना को वर्ष 2013 में ही पूरा करना था;

(ग) क्या यह सही है कि निर्माण कार्य में इतना बिलंब होने से योजना की लागत दोगुनी से भी ज्यादा हो चुकी है;

(घ) क्या यह सही है कि दीघा सेतु तथा छपरा आरा सेतु के चालू होने के पश्चात् इस एन0एच0 पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है और फोरलेन का कार्य पूरा नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है;

(ङ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस योजना को एक निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करना चाहती, यदि हां तो कबतक ?

-------------------------

# पुल का निर्माण

49.श्री आदित्य नारायण पाण्डेय: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड के शेर पंचायत के चान्दपरना से शेरिया तक जाने वाली पथ पर सोलेया नहर पर पुल नहीं बना है जिससे बरसात के दिनों में सिधवलिया और बरौली प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने का संपर्क समाप्त हो जाता है;

(ख) यह सही है कि उक्त स्थल पर पुल नहीं होने से क्षेत्रवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

-----------------------

# अनुदान नहीं

50.श्री केदार नाथ पाण्डेय: क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने गत वर्ष किसानों को 7500/- प्रति हेक्टेयर 20%फसल क्षति होने पर एवं 10,000/- प्रति हेक्टेयर 20% से अधिक की फसल क्षति पर सरकारी सहायता दिये जाने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के कुल 534 में से 275 प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित किया जा चुका है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी कि अब तक कितने किसानों को नियमानुसार सरकारी सहायता के रूप में अनुदान दिया गया है?

----------------------------

# काम शुरू नहीं

51.श्री राधाचरण साह: क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2018-19 में पंचायत सरकार भवनों में बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत आर टी पी एस0 काउंटर खोले जाएंगें, सामान्य प्रशासन विभाग ने पंचायती राज विभाग के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए उन पंचायतों में काउंटर खोलने का निर्देश दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि जाति आवासीय प्रमाण-पत्र के लिए पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएगी, संविदा पर नियुक्त कार्यपालक सहायक इनको संचालित करेंगें;

(ग) क्या यह सही है कि अभी तक संविदा पर कितने कार्यपालक सहायक की नियुक्ति हुई है और कितनी पंचायतों में अभी तक जाति आवासीय प्रमाण पत्र बन रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक सभी पंचायतों में जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने का काम शुरू करवाएगी ?

---------------------------

## पहुँच पथ कब तक

52. श्री रामचन्द्र पूर्वे : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी-सीतामढ़ी-भिट्ठामोड़ राष्ट्रीय उच्च पथ सं- 104 के मध्य मेहसौल रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ऊपर पुल (ROB) के निर्माण की शीघ्रता हेतु अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण ने अपने पत्रांक 3075(E) पटना, दिनांक- 24.04.2018 द्वारा प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना से अनुरोध किया है;

(ख) क्या यह सही है कि पहुंच पथ का निर्माण कार्य अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पहुँच पथ का निर्माण कार्य पूरा कराएगी ?

---------------------------------

## कार्रवाई कबतक

53.श्री सुबोध कुमार: क्या मंत्री,ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल गोपालगंज-2 द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अन्तर्गत गोपालगंज जिला के महम्मदपुर NH-28 से राजा पट्टी पथ का निर्माण कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ जिसकी लम्बाई 18.280 कि.मी. है तथा इसके निर्माण पर 566.04 लाख रुपए खर्च किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि इस पथ के निर्माण हुए अभी महीना भी नहीं हुआ है और सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो कर टूट-फूट गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घटिया निर्माण सामग्री प्रयुक्त कर सरकारी राशि लूटने वाले संवेदक एवं उन्हें सहयोग करने वाले सरकारी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

-----------------------------

## आवंटन नहीं

54. श्री सलमान रागीव :क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भवन निर्माण विभाग द्वारा एक वर्ष पूर्व तक केन्द्रीय पूल से विधान मंडल के तृतीय वर्ग के कर्मचारियों को शास्त्रीनगर एवं राजवंशीनगर स्थित आवास आवंटित किए जाते थे, जो कि अब आवंटित नहीं किए जा रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि शास्त्रीनगर स्थित 800 सेटों एवं राजवंशीनगर स्थित 400 सेटों में कई आवास खाली पड़े हैं जिसमें असामाजिक तत्व कब्जा करके अन-धिकृत रूप से रह रहे हैं एवं इससे सरकार को राजस्व की हानि भी हो रही है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शास्त्रीनगर एवं राजवंशीनगर स्थित खाली आवासों को विधानमंडल के कर्मचारियों को आवंटित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------------------------------

## संपर्कता कबतक

55: श्री सोनेलाल मेहताः क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि खगड़िया जिले के गोगरी प्रखंड के महेशखूँट पंचायत अंतर्गत N.H 107 से राजधाम पटेल नगर संपर्क विहीन है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित ग्राम सड़क विहीन रहने के कारण ग्रामवासी को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सड़क को संपर्कता प्रदान करना चाहती है, हाँ तो कब तक ?

-----------------------------

## पथ निर्माण कबतक

56: **श्री टुनजी पाण्डेय**: क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सिवान के बबुनिया मोड़ से चाप ढाला तक राजेन्द्र पथ जर्जर हो चुका है ;

(ख) क्या यह सही है कि राजेन्द्र पथ जर्जर होने से आये दिन दुर्घटना होती रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार राजेन्द्र पथ को बनाना चाहती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजेन्द्र पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----------------------------------

**पटना** **विनोद कुमार**

**दिनांक- 18 फरवरी, 2019** **कार्यकारी सचिव**

**बिहार विधान परिषद्**